हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 03 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

12 खेत में धान की रोपाई कर बच्चों ने बढ़ाया श्रम और ...



12 सशिमं में एक दिवसीय विज्ञान मेले का हुआ ...





## खबर संक्षेप

### बीएसएनएल ऑफिस के पास मारपीट

**महासमुंद।** बीएसएनएस ऑफिस के पास मारपीट की घटना में सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को असलम खान निवासी वार्ड नं 22 एफसीआई गोदाम के पीछे सुभाष नगर महासमुंद ने बताया कि 31 जुलाई की रात 9.30 बजे वह अपने दोस्त राजू धोबी के साथ बीएसएनएल कॉलोनी निवासी संतोष कुशवाहा से मिलने गया था, तीन जब कॉलोनी से बाहर गेट पर निकले थे, उसी समय बीएसएनएल ऑफिस के बाजू में दाबेली ठेला लगाने वाले व्यक्ति द्वारा उसे देख कर पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं करछुल से मारपीट किया गया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महुआ शराब जब्त, आरोपी के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम केंवटापाली से मुनगाडीह मार्ग किनारे बसना पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से 40 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम गंधर्व कुर्रे पिता ज्योधा प्रसाद कुर्रे (32 साल) मुनगाडीह चौकी भंवरपुर थाना बसना बताया। आरोपी के कब्जे से एक नीले रंग के 100 लीटर वाली प्लास्टिक ड्रम से हाथ भट्ठी महुआ शराब कुल 40 लीटर कीमत 8000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### छेड़खानी, दो लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम पठियापाली की एक महिला के साथ दुकान व घर में घुसकर छेड़खानी करने के मामले में बसना थाने में दो आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। मामला 31 जुलाई का है। पुलिस ने बताया कि ग्राम पठियापाली की एक महिला 31 जुलाई की सुबह लगभग 6 बजे मैं अपने दुकान एवं घर पर थी। उसके पति टहलने के लिए गांव के रोड की ओर गए थे। जब वह दुकान में झाड़ू लगा रही थी तभी आरोपी प्रफुल्ल नायक पिता मोतीलाल नायक ग्राम पठियापाली एवं निर्मल प्रधान पिता गंगाधर प्रधान ग्राम पठियापाली दुकान के अंदर घुसे और पूछा कि तुम्हारा पति कहां गया है, तब उसने बताया कि उसका पति टहलने के लिए गांव के रोड की ओर गया है। तब प्रफुल्ल नायक और निर्मल प्रधान ने गाली देते हुए कहा कि तेरे पति से कह देना कि वह हमारे विरोधी लोग का साथ दे रहा है। जब गाली देने से मना किया तब प्रफुल्ल नायक महिला के हाथ को पकड़ कर जोर से खींचने लगा, जिस पर वह हाथ छुड़ाकर बगल के कमरे में चली गई। इसके बाद दोनों आरोपी कमरे में घुस गये और बुरी नीयत से मेरा हाथ बांह पकड़ कर खींचने लगे, जिस पर वह जोर-जोर से चिल्लाने लगी। जब गांव के लोग आए तब आरोपी वहां से भाग निकले। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 333, 74, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# प्रीमियम से मालामाल हो रहीं बीमा कंपनियां, मुआवजे के लिए भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के किसानों ने तो इस साल भी फसल बीमा कराया है। लेकिन, बीते सालों में कितसने किसानों को बीमा का लाभ मिला इसकी जानकारी लोगों को नही हो पा रही है। किसानों की संख्या और आंकड़ों के बीच फसल बीमा और मुआवजे के लिए भटकते है। जिले में सैकड़ों किसान तो ऐसे हैं जिन्हें यह तक पता नहीं होता कि जब सोसाइटी से कर्ज लेते है उस समय फसल बीमा की राशि भी काटकर दी जाती है।

किसानों को पीएम फसल बीमा के लिए प्रीमियम केवल दो फीसदी ही देना पड़ता है, लेकिन यह भी लाखों में होता है। दूसरी ओर केंद्र और राज्य का फसल बीमा में 49-49 फीसदी का योगदान रहता है। यह भी लाखों में होता है। दूसरी ओर कड़े मापदंड की वजह से बीमा कराने वाले किसानों को कभी पर्याप्त बीमा राशि मिलती ही नहीं है। ऐसे में किसानों के प्रीमियम से बीमा कंपनियां मालामाल हो रही हैं। यह हर साल बीमा के लिए जमा प्रीमियम और मिले क्लेम के आंकड़ों में देखा जा सकता है। बीते 6 साल में तीन बार जहां प्रीमियम की राशि क्लेम से ज्यादा रही वहीं तीन साल प्रीमियम से क्लेम ज्यादा रहा। हालांकि इसमें जो क्लेम मिलता है वह अधिकांश बड़े किसानों को ही मिलता है। ज्यादा जमीन होने की वजह से आवेदनों की संख्या भी अधिक में होती है। यानी लघु और सीमांत किसानों को बीमा कराने के बाद भी कभी क्लेम नहीं मिलती है।

## किसानों को पीएम फसल बीमा के लिए प्रीमियम केवल दो फीसदी

### 70 हजार किसानों ने कराया बीमा

खरीफ सीजन के लिये जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अब तक कुल 1 लाख 57 हजार 444 किसानों में से 70 हजार से अधिक किसानों ने फसल बीमा कराया है। किसानों ने 7 करोड़ 55 लाख रुपये के बीमा की प्रीमियम राशि जमा की है। धान के अलावा कोदो, कुटकी, रागी, मूंग, अरहर तथा उड़द फसलों का बीमा भी किसान कराते है लेकिन, क्लेम होता है या इसका फायदा किसानों को हो रहा है या नहीं आज तक इसका पता नहीं चल पाया है।



### पोर्टल हो चुका है बंद

फसल बीमा का पोर्टल बीते पांच दिनों से बंद है। जबकि 31 जुलाई फसल बीमा कराने की आखिरी तारीख थी, लेकिन पोर्टल बंद होने की वजह से आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। 50 प्रतिशत ही किसानों का फसल बीमा हो सका है। हालांकि अभी तारीख बढ़ने की बात कही जा रही है।

## सावन माह: हजारों कांवरिए बम्हनी से जल लेकर निकले सिरपुर के लिए

# सावन माह के अंतिम सोमवार को जलाभिषेक करने भक्तों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद





सावन माह के अंतिम शनिवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्तों का उत्साह चरम पर रहा। जल लेने और जलाभिषेक के लिए निकले कांवरियों की भारी भीड़ बम्हनेश्वर नाथ महादेव मंदिर में उमड़ पड़ी।

शनिवार को बम्हनी से मुख्यमार्ग में शिवभक्तों से पट गया। चारों ओर 'हर-हर महादेव, बोल बम' के जयकारे गूंज रहे हैं। सावन के अंतिम शनिवार को जलाभिषेक के संकल्प को पूरा करने के लिए हजारों की संख्या में कांवरिए बम्हनी में गंगा स्नान कर जल लेकर अपने गंतव्य के लिए रवाना हो हुए। सुबह 5 बजे से ही कांवरियों का जत्था पैदल यात्रा पर निकलने लगा। नज़ारा ऐसा कि बम्हनी से लेकर महासमुंद नगर तक जाने वाली लेन पर केवल कांवरिए ही दिखाई दे रहे थे। कांवर और शिवलिंग बने आकर्षण का रास्ते पर शिवभक्ति के रंग में रंगे भक्त तरह-तरह की कांवर लेकर चलते दिखाई दिये। कोई भव्य पालकी के साथ है, तो कोई भगवान शिव की सजीव झांकी लेकर।

भगवान शिव और भूत-प्रेत की झांकी सजाई, जिसे देखकर राहगीर ठिठक गए जो श्रद्धा और कला का अनोखा संगम है। हाईवे पर यातायात नियंत्रण बनाए रखने के लिए प्रशासन सतर्क रहा। पुलिस लगातार निगरानी करती रही। सावन शिव का प्रिय महीना माना जाता है। शिवभक्त जलाभिषेक की तैयारी कई दिन पहले से करते हैं। सोमवार चार अगस्त को सिरपुर में कांवरियों के काफी संख्या में पहुंचने की संभावना है।

### डीजे की धुन पर झूमते भक्त

कांवर यात्रा सिर्फ आस्था नहीं, बल्कि उत्सव का रूप भी ले चुकी है। डीजे पर गूंजते भक्ति गीतों पर कांवरिए झूमते हुए आगे बढ़ रहे। भगवान शिव की महिमा में डूबे भक्तों को न तो उमस की परवाह है, न गर्मी की थकान। इस यात्रा में भक्ति ही ऊर्जा बन गई है एवं कांवर के स्वागत के लिए लोगो में भी उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह रास्ते में कांवरियों के लिए लोगों ने भोजन एवं चाय नास्ते की व्यवस्था किया गया यह व्यवस्था बम्हनी से लेकर पूरे सिरपुर तक देखने को मिला।

### बम्हनी में 1 हजार दीपों से गंगा आरती

श्वेतगंगा आरती एवं बोलबम सेवा समिति बम्हनी द्वारा शनिवार को 1 हजार दीप जलाकर गंगा आरती की गई। इसे लेकर समिति के सदस्यों द्वारा तैयारी की गई। ग्राम बम्हनी समेत आसपास के गांवों में मुनादी कराकर लोगों को गंगा आरती के लिए आमंत्रित किया गया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि शनिवार को जल लेने वाले कांवरियों के लिए भजन-संध्या व भंडारा का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि महेंद्रा ग्रुप द्वारा भंडारा की सेवा तथा गंगा लोकबयार आरंग गंगा साहू तथा देवेंद्र साहू बम्हनी की टीम व खुशबू मानस मंडली खुर्सीपार द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति अलग-अलग चरणों में दी गई।

### महासमुंद से बम्हनी तक कांवरियों के लिए नपाध्यक्ष ने शुरू की नि:शुल्क वाहन सेवा

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर कांवरियों की भारी संख्या को देखते हुए महासमुंद से बम्हनी तक नि:शुल्क वाहन सेवा प्रारंभ की गई। जिले भर के कांवरियों सहित अन्य जिलों से बस व अन्य माध्यमों से कांवरिएं मुख्यालय तक तो पहुंचे लेकिन, बम्हनी श्वेत गंगा तक आवागमन का साधन नहीं होने से उन्हें परेशानियां हो रही थी। इसे देखते हुए नपाध्यक्ष ने 2 वाहनों की व्यवस्था की है।



# दूसरे चरण की लॉटरी के बाद भी नहीं भर पाई आरटीई की सीटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आरटीई के तहत कल दूसरे चरण की लॉटरी निकाली गई। जिसमें 246 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। अब इन विद्यार्थियों को आबंटित स्कूलों में दाखिला दिया जाएगा। 2 चरणों में लॉटरी निकाले जाने के बाद भी 94 सीटें अब भी खाली है। फिलहाल अब इन खाली सीटों को भरने के लिये शासन से कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रथम चरण में बच्चों के आवेदन के पूर्व 217 स्कूलों का पंजीयन किया गया। इसके तहत आवेदन लेने की प्रक्रिया 31 मार्च तक में चली। प्रथम चरण के लिए कुल 1712 सीटों के लिए 3230 आवेदन प्राप्त हुए थे। आवेदन के सत्यापन के बाद 1453 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ। प्रथम चरण में चयनित कुल विद्यार्थियों में से निर्धारित समय में 1372 ने ही स्कूलों में दाखिला लिया। चयन के बाद भी 81 विद्यार्थियों ने स्कूलों में दाखिला नहीं लिया। दूसरे चरण के लिए 578 आवेदनों में 246 का चयन हुआ। आरटीई प्रभारी देवेश चंद्राकर ने बताया कि दूसरे चरण शेष बीच 340 सीटों के लिए 20 से 30 जून तक आवेदन की प्रक्रिया शुरू हुई। जिसमें कुल 578 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदन के सत्यापन के बाद 31 जुलाई को लाटरी निकाली गई। जिसमें 246 का चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि आरटीई के तहत दो चरणों की लाटरी निकाले जाने के बाद भी कुल 1712 सीटों में से 94 सीटें खाली है। खाली सीटों को भरने अभी तक शासन से कोई दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है।

### कार में मिला 9.20 लाख का गांजा, पुलिस को देख भाग निकला ड्राइवर, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने जगदीशपुर रोड खेमड़ा तालाब के पास एक कार से 9.20 लाख का 46 किलो से ज्यादा गांजा बरामद किया है। वहीं कार का ड्राइवर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। मामले में कार चालक के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। बसना थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार 1 अगस्त को ओडिशा पदमपुर की ओर से आ रहे एक कार का चालक पुलिस वाहन को थाना के सामने खड़ा देखकर तेजी से बिलाईगढ़ रोड की ओर भगाने लगा। संदेह होने पर पुलिस स्टाफ द्वारा वाहन का पीछा किया गया। इसके बाद कार क्रमांक एचआर 47 डी 6022 का चालक अपने वाहन को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। वाहन की तलाशी लेने पर पीछे सीट में तीन नग प्लास्टिक बोरियों के अंदर मनोत्तेजक मादक पदार्थ गांजा जैसा होना पाया गया। पुलिस ने कार से 46 किलो 600 ग्राम बोरी सहित कीमत 9, 20, 000 रुपए और घटना में प्रयुक्त वाहन कीमत 9, 00, 000 रुपए कुल 18, 20, 000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में उक्त वाहन के चालक के विरूद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# चोरी की 13 बाइक जब्त, पांच आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** मोटर सायकल की चोरी करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से विभिन्न कंपनी के चोरी हुए 13 मोटर सायकल कीमत 8,35,000 रुपए को बरामद किया गया है। यह कार्रवाई सायबर सेल की टीम एवं थाना खल्लारी पुलिस ने संयुक्त रूप से की।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी लुकेश साहू पिता गोपीराम साहू ग्राम खुटेरी, खल्लारी के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 18 अप्रैल को पड़ोसी श्रवण शुक्ला के घर शादी कार्यकम होने से उसके घर के सामने रात्रि करीबन 10 बजे नीले रंग की मोटर सायकल पल्सर सीज 06 जीटी 7366 को लॉक कर शादी कार्यक्रम में चला गया था। रात्रि करीबन 02.30 बजे वापस आकर देखा तो मोटर सायकल वहां नहीं थी। जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना खल्लारी में अपराध धारा 303(2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि घोड़ारी चौक के पास कुछ व्यक्ति पुरानी मोटर सायकलों को बेचने के लिए ग्राहक खोज रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस की टीम के द्वारा मौके पर पहुंच कर घोड़ारी चौक के पास जाकर पांच व्यक्ति जो पुरानी मोटर सायकल वाहन को बेचने के फिराक में खड़े हुये थे, से पुलिस के द्वारा पूछताछ की गई। इस दौरान इन्होंने अपने नाम उत्तम पाल पिता ध्रुवा पाल (20 ) घोड़ारी थाना महासमुंद जिला महासमुंद, हिमांशु शर्मा पिता स्व सुशील शर्मा (19) घोड़ारी थाना महासमुंद, भूपेंद्र साहू पिता लक्ष्मीनारायण साहू, (21 ) कुरुद थाना कुरुद जिला धमतरी, राहुल यादव पिता संतोष यादव (19) बेलसोंडा थाना महासमुंद जिला महासमुंद, चंद्रहास पुरैना पिता यादुराम पुरैना (20) लाफिन कला थाना महासमुंद जिला महासमुंद का निवासी होना बताया। वाहन के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपियों ने मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया।आरोपियों ने बताया कि एक साथ घूमते थे। छह माह से हम सभी मिलकर मोटर सायकल चोरी करने की योजना बनाकर निकलते थे और चोरी करते थे। वहीं सभी ने मिलकर खल्लारी क्षेत्र के एक गांव से नीले काले रंग का पल्सर चोरी किया था। इसके अलावा नया रायपुर, रायपुर, राजिम व अन्य जगहों से भी बाइक की चोरी की थी।

# गांजा की तस्करी के मामले में फरार तीन अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार किए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स एवं थाना सिंघोड़ा की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई गांजा तस्करी के मामले में फरार तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स की टीम को अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी तथा मादक द्रव्य, फाइनेंशियल इनवेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी कार्रवाई, स्त्रोत के बारे मे विस्तृत जानकारी लेकर उनके विरूद्ध विधिसंगत विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी दौरान थाना सिंघोडा के अपराध क्रमांक 10421 धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के फरार आरोपियो द्वारा बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 05 बीए 0389 में 100 किलोग्राम गांजा परिवहन करते पाये जाने से अपनी गाड़ी को आरटीओ चेक पोस्ट खम्हारपाली के पास छोड़ कर भाग गये थे। इसके बाद पुलिस की टीम के द्वारा आरोपी पतासाजी कर मध्य प्रदेश आरोपी नेपाल सिंह राजपूत पिता शेर सिंह राजपूत (48 साल) वार्ड नंबर 30 ग्वाल टोली नर्मदापुरम होशंगाबाद हाल नर्मदा विहार उदयपुरा थाना उदयपुरा जिला रायसेन म.प्र., पुखराज सिंह राजपुत पिता दलीप सिंह राजपुत उम्र 54 साल साकिन सुलतानगंज जिला रायसेन हाल नर्मदा विहार उदयपुरा थाना उदयपुरा जिला रायसेन म.प्र. को गिरफ्तार कर धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। वहीं दूसरे मामले में अपराध क्रमांक 5322 धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट का एक आरोपी द्वारा बिना नंबर प्लेट ग्रे कलर की सेंट्रो कार से 25 किलोग्राम गांजा ले जा रहा था, जो अपनी गाडी को एनएच 53 रोड श्याम ढाबा ग्राम गनियारीपाली के पास छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस की टीम के द्वारा फरार आरोपी को मध्य प्रदेश में जाकर पतासाजी कर पकड़ा गया। जिसने अपना नाम मनोज कुमार मेहरा पिता गया प्रसाद मेहरा (33 साल) सुरई थाना जबेरा जिला दमोह म.प्र. का निवासी होना बताया। जिसके विरुद्ध थाना सिंघोड़ा में धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड मं भेजा गया।



# वेयर हाउस पहुंची प्रशासन की टीम, प्रत्येक चावल स्टैग की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

चावल बोरी में पानी डालकर वजन बढ़ाने के मामले के बाद जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सहायक खाद्य अधिकारी सरायपाली हरीश सोनेश्वरी के नेतृत्व में हेमंत वर्मा खाद्य निरीक्षक बसना, अविनाश दुबे खाद्य निरीक्षक सरायपाली की टीम के द्वारा दोपहर 2:00 बजे वेयरहाउस कार्पोरेशन शाखा बसना के गोदाम की जांच करने के लिए पहुंचे। शिकायतकर्ता को फोन के माध्यम से बसना बुलाया गया।

बसना के पार्षद मनोज गहरवाल, मुजम्मिल कादरी, नगर पंचायत बसना के उपाध्यक्ष शीत गुप्ता भी जांच के दौरान मौजूद थे। बसना स्थित वेयर हाउस गोदाम के साथ ही ख़ेमड़ा के चार गोदाम में जाकर एक-एक स्टैग की जांच की गई। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी खीरोद्र कुमार चौहान एवं उसके साथी का बयान लिया गया। साथ ही साथ वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन के शाखा प्रबंधक महेंद्र कुमार धोके से अभी पूछताछ की जा रही है। उनका बयान लेने की प्रक्रिया जारी है। खाद्य निरीक्षक बसना हेमंत वर्मा ने बताया कि प्रशासन के निर्देशानुसार सहायक खाद्य अधिकारी हरीश सोनेश्वरी के नेतृत्व में टीम के द्वारा शिकायत की जांच के लिए आज पहुंची। एक-एक गोदाम में जाकर हर एक स्टैग की जांच की जा रही है। वेयरहाउस में काम करने वाले मजदूर कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है। आज दोपहर 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक जांच जारी रही। कल भी जांच जारी रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि जब तक जांच कंप्लीट नहीं हो जाती है तब तक विस्तार से जानकारी दे पाना संभव नहीं है। इसीलिए जांच पूर्ण होने के बाद सारी जानकारी दी जाएगी। ज्ञातव्य हो कि वेयरहाउस कॉरपोरेशन शाखा बसना के बसना एवं खेमडा स्थित गोदाम में रखे चावल के स्टैग का वजन बढ़ाने पानी का छिड़काव किया जाता है। जिससे कि चावल में नमी आने पर वजन बढ़ सके और अधिकारी कर्मचारियों को इसका लाभ मिले। छिरोद्र कुमार चौहान के द्वारा इस प्रकार की नियम विरुद्ध काम को करने से मना करने एवं एमडी को शिकायत करने पर उक्त दैनिक वेतन भोगी मजदूर को कार्य से पृथक कर दिया गया था। जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच टीम। अधिकारियों ने कल दिन भर भी जांच करने की बात कही है।



# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तोड़फोड़ करने वाले तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर

## मामले को लेकर सिटी कोतवाली पुलिस ने शुरू की विवेचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खट्टी में तोड़फोड़ करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। मामले को लेकर सिटी कोतवाली पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को एफआईआर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खट्टी में पदस्थ आरएमए खेमू राम सोनकर पिता स्व रामलाल सोनकर ने बताया कि ग्राम खट्टी के प्राथ स्वा. केंद्र खट्टी में 31 जुलाई को सुबह 9 बजे अस्पताल कर्मचारी दुलारी बाई यादव अस्पताल में थी, जिसने फोन कर बताया कि 3 व्यक्ति रामेश्वर पिता अमृत लाल निषाद, उमेश पिता कार्तिक राम यादव, गोलू पिता गणेश यादव आकर अस्पताल के मेन गेट को हाथ से मारने लगे जिस कारण से दरवाजे का शीशा टूट गया। शीशा को मारने वाले का नाम उमेश यादव पिता कार्तिक राम यादव है, जिसने अस्पताल के शीशे के कांच को और गमले को तोड़ दिया। । बताया गया कि इस तोड़फोड़ से करीबन 15000 रुपए की शासकीय संपत्ति की क्षति हुई है। मामले में सिटी कोतवाली पुलिस आरोपियों के विरूद्ध धारा 3-एलसीजी, 3(5), 324(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना कर रही है।

## खबर संक्षेप

### कैंसर रोग विशेषज्ञ आज करेंगे जांच

**महासमुंद।** 03 अगस्त रविवार को कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ अवधेश भारत सोहम हॉस्पिटल लभरा खुर्द में उपलब्ध रहेंगे। वे 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक कैंसर के लक्षण मुंह में लाल या सफेद छाले होना, मुंह का कम खुलना, स्तन में गांठ, बच्चेदानी के मार्ग से सफेद पानी का आना, पेट के निचले भाग मे दर्द होना, पेशाब करने में परेशानी आदि जांच व परामर्श देंगे।

### महिला मोर्चा ने मनाया सावन उत्सव

महासमुंद। भाजपा महिला मोर्चा ने आज सावन उत्सव का कार्यक्रम भाजपा जिला कार्यालय में मनाया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने बताया कि आयोजित सावन उत्सव कार्यक्रम में कुर्सी दौड़, एकल नृत्य, सुवा नृत्य, रावत नाचा, व्यंजन स्पर्धा, सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। सामूहिक भोज व्यंजन में सभी ने चौसेला, फरा, सुहारी, करेला, ख़ेकसी चना, बूंदी कड़ी, जलेबी, बड़ा, मटर पनीर, भिंडी, इडली फ्राई और तरह -रह के व्यंजन सभी महिलाओं द्वारा लाया गया। अंत में खेल स्पर्धा तथा व्यंजनों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

**आयोजन:** राष्ट्रपति पुरस्कृत आरके श्रीवास्तव के सम्मान में पावस कवि गोष्ठी

# सावन-भादो के झूलना सुरता आवत हे मया महतारी के भूले नइ भुलावत हे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पेंशनर एसोसिएशन महासमुंद एवं जन कल्याण समिति अयोध्यानगर के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय अयोध्या नगर निवासी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत व्याख्याता रमेश कुमार श्रीवास्तव के सम्मान एवं उनके मुख्य आतिथ्य में पावस कविगोष्ठी का आयोजन गायत्री मंदिर प्रांगण बेमचा में 1 अगस्त को एसोसियेशन की नियमित मासिक बैठक के अवसर पर किया गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता कर रही वरिष्ठ कवियित्री सौरिन चंद्रसेन ने सावन के परिदृश्य को छत्तीसगढ़ी पंक्तियों में कुछ इस तरह उकेरा- बंधवा तरिया के पार,पीपर रुखवा के डार। सावन भादो के झूलना सुरता आवत हे। भइया के बांधे बंधना अउ डोर ददा के दुलार मया महतारी के भुलाये नइ भुलावत हे। वहीं राष्ट्रीय स्तर के ग़ज़लकार अशोक शर्मा ने इन पंक्तियों से आज तार तार होते मानवीय रिश्ते को बखूबी बयां की- तार तार हैं सारे रिश्ते, नेकी के अब कहां फरिश्ते, कौन किसी का सगा यहां पर, हर रिश्ते का केंद्र अर्थ है, बाकी बातें व्यर्थ है मां, सर में काफी दर्द है मां। मौलाना याकूब कैसर की इन पंक्तियों ने गोष्ठी को एक नई ऊंचाई दी- उस पे क्या जानें किसका करम बढ़ गया। यक ब यक होते होते वो कम बढ़ गया। उल्फते यार में ऐसा ग़म बढ़ गया। दम ब दम जैसे बेदम का दम बढ़ गया। वरिष्ठ कवियित्री आशा मानव की मार्मिक कविता- कर सतत प्रयास हमनें, सीप में मोती भरे खुद, तब तुम्हारा स्वर्ग लेकर क्या करूं मैं, ने श्रोताओं को काफी आकृष्ट किया। वहीं डॉ. साधना कसार ने आम आदमी के दर्द को अभिव्यक्त करते हुए वर्तमान लचर व्यवस्था पर काफी मारक कटाक्ष किया- तेज तपिस तन-मन को बेचैन कर देती, आम आदमी गरीबी की बारिश से भीगता छीजता, व्यवस्था की सड़ांध को झेलता ठेलता बूढ़ा हो जाता है। अंचल के जाने माने कवि व लेखक बंधु राजेश्वर खरे ने छत्तीसगढी कविता करिया बादर,भुरवा बादर के माध्यम से बारिश का चित्रण कुछ इस तरह किया - खार मा बाजय दंगरस दंगरस, कबरा अउ कजरा के जांगर, जेठू के खांध मा जुड़ा नांगर, चैती पोवय चिला अंगाकर । नगर के नवोदित कवि व पेशे से किसान दीपक पटेल की प्रस्तुति किसान की महिमा-बखान ने इस पावस कविगोष्ठी को शुरु से ही काफी दमखम बनाया- किसान महान जगत में, कर्मफल पुण्यवान। करते सेवा भूमि पर, तब लहलाती धान। मिट्टी में मिलकर कर्म, परिश्रम करते खेत। बरसात ऋतु से लड़कर भरते सबके पेट। अपनी चिर-परिचित शैली व बडे चुटेले अंदाज में इस पावस गोष्ठी का सफल संचालन करती हुई सरिता तिवारी ने श्रोताओं को शुरु से अंत तक बांधे रखा। वात्सल्य से ओत-प्रोत उनकी सरस रचना की बानगी देखिये- नन्हा नाती आकर, गले से लग जाता है। जिंदगी के इस पल के लिए खुशियां कम हो जाती है। पर उधार की खुशी अपने घर चली जायेगी। जिंदगी पुनः खामोश दीवारों में कैद हो जायेगी । काफी संख्या में पेंशनर साथियों ने सरस कविताओं का लुत्फ उठाया। वाह वाह की घोष व तालियों से कवियों का निरंतर हौसला आफ़ज़ाई करते रहे व सभी ने इस आयोजन की तारीफ़ की।

मां सरस्वती,वेदमाता गायत्री व मां खल्लारी को स्मरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि ने अपने जीवन के अनुभव बांटे। बन्धु राजेश्वर खरे ने उनका जीवन परिचय प्रस्तुत किया। पेंशनर एसोसिएशन व अयोध्यानगर जन कल्याण समिति के पदाधिकारी चमन साहू, रामकुमार साहू, शिवकुमार साहू, राधेश्याम दुबे, आर। साहू व सरजूदास मानिकपुरी ने उन्हें शाल, फल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## सीएम हाउस में भाजपा सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए सरला कोसरिया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

भाजपा सदस्यता अभियान में सरला कोसरिया को उत्कृष्ट कार्य हेतु मुख्यमंत्री निवास अटल नगर, रायपुर में आयोजित भारतीय जनता पार्टी प्राथमिक सदस्यता अभियान 2024-25 के अंतर्गत उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान एवं सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया को सदस्यता अभियान में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कोसरिया ने कहा, "सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता को सम्मानित किया जाना निश्चित ही मेरे लिए गौरव और खुशी का क्षण है। यह संगठन की समावेशी सोच और कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उल्लेखनीय है कि यह पहला अवसर नहीं है जब सरला कोसरिया को संगठन द्वारा सम्मानित किया गया हो। वर्ष 2016 मं् भी भाजपा सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट योगदान के लिए तत्कालीन भाजपा प्रदेशाध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने उन्हें सम्मानित किया था।

सदस्यता अभियान में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने शुभेच्छा जताई।

## हरुना धान के लिए पर्याप्त बारिश नहीं बियासी कार्य लेटलतीफी से धान पीले



**नर्रा।** क्षेत्र में बरसाती खरीफ फसल की बुआई लगभग डेढ़ से दो माह हो गए है । ज्ञात हो कि आषाढ बीत चुका है और सावन माह सप्ताह भर शेष है लेकिन इस क्षेत्र मे अभी तक इस पर्याप्त बारिश नहीं हुई है । वही मानसून पर निर्भर किसान जैसे आधे से ज्यादा भर्री और दादर खार है इनमें से आधे हिस्सा अभी भी छोटे हरुना किस्म के धान की बुआई तो किया गया है परंतु फसलों के लिए पर्याप्त बारिश ही नहीं हुई और बियासी कार्य के लिए खेत में पानी का भराव नहीं हो पाया है, फसल पीले हो गए। समय पर बियासी व खाद नहीं डालने से पौधे की वृद्धि पर असर पड़ रहा है। किसान सावन पूर्णिमा तक झमाझम अच्छी बारिश की उम्मींद लगाए बैठे है यदि एक तरफ देखा जाये तो इस क्षेत्र में खंड वर्षा की स्थिति है। हालांकि एक से दिनों के अंतराल में हल्की बारिश जरूर हो रही है। इससे फसल जीवित और खेत को नमी बनी हुई है। बाहरा नार खेतों के लिए पर्याप्त पानी की धार चलने लगी है, जहां बियासी के बाद निंदाई चलाई व खाद एवं दवाई का छिड़काव चल रहा है।

## विष्णुदेव सरकार की महत्वाकांक्षी योजना रामलला दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दुबेलाल साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना रामलला दर्शन योजना है, जिसमें श्रद्धालुओं को संभाग स्तर पर प्रभु राम लला के दर्शन हेतु उनके जन्मस्थली अयोध्या ले जाया जाता हैं। योजना के तहत ब्लाक स्तर से बस के साधन से रायपुर रेलवे स्टेशन तक पहुंचाया जाता है जहां पर श्रद्धालुओं का फूल-माला एवं ढोल-बाजा के साथ भव्य स्वागत एवं जलपान की व्यवस्था की जाती है। तत्पश्चात मुख्यमंत्री द्वारा भाजपा नेताओं के उपस्थिति में ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया जाता है। उक्त धार्मिक यात्रा के द्वितीय दिवस में वाराणसी पहुंचने पर रेलवे स्टेशन में बाजा-गाजा के साथ सभी श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत होता है। सभी श्रद्धालुओं के लिए बस, आवास, रिक्शा आदि का व्यवस्था बहुत ही अच्छा रहता है। ट्रेन में भी समय पर चाय-नाश्ता एवं स्वादिष्ट भोजन की अच्छी व्यवस्था की जाती है। वाराणसी में काशी विश्वनाथ एवं मणिकर्णिका घाट दर्शन होता है, फिर अयोध्या पहुंचने पर भगवान राम लला का दर्शन, हनुमानगढ़ी, दशरथ भवन, कनक भवन, सरजू नदी महाआरती एवं दर्शन का शुभ अवसर प्राप्त होता है। यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं के लिए छाता-टोपी की व्यवस्था, सभी को भगवान का प्रतिमा भेंट की जाती है। उन्होंने बताया कि यह भाजपा सरकार की बहुत ही महत्वकांक्षी योजना है, जिसमें बागबाहरा ब्लाक से तीर्थ यात्रियों में दुबेलाल साहू, हीरा देवी साहू, राजकुमार पटेल, किरण यदु, दीक्षा पटेल, प्रकाश पटेल, ईश्वरी साहू, मिलेश कुमार साहू, पुखन लाल, जीवनलाल पटेल, संतराम पटेल, रीना रॉय, विश्वजित रॉय, सोनाली रॉय, सरजा बाई, रूपसिंग ध्रुव, द्रोपती दीवान, रूखमणि चंद्राकर, आसोबाई देवांगन, पुन्नी बाई सहित सभी श्रद्धालु दर्शनार्थियों ने भाजपा सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।




### बनवारी गौशाला में विश्वकर्म पेंटर संघ की हुई बैठक

सरायपाली। बनवारी गौशाला में विश्वकर्मा पेंटर संघ की बैठक हुई। बैठक में विश्वकर्मा पेंटर संघ की सदस्यों ने निर्णय लिया कि सावन महीने के अंतिम सोमवार को सरायपाली कांवर यात्रियों का स्वागत किया जाएगा और उन्हें स्वलपाहार के रूप में पानी, चाय और बिस्कुट वितरण किया जाएगा। बैठक में विश्वकर्मा पेंटर संघ के कुलेश्वर पटेल, कन्हैया चौहान, हरिदास, केदार पटेल, बुदेश्वर दास, चेतन पटेल, विनय प्रधान, रूपधर पटेल, शेख बसीर, मोहम्मद आरिफ और अर्जुन कुजूर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



### देश भ्रमण कर लौटे साइकिल यात्री ओमप्रकाश का किया स्वागत

**महासमुंद।** ग्राम नादगांव के युवा ओमप्रकाश पटेल साइकिल यात्रा से दो ज्योर्तिलिंग दर्शन उपरांत 181 दिन की यात्रा से महासमुंद पहुंचने पर नगर पालिका कार्यालय में नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, नेता प्रतिपक्ष नानू भाई, पार्षदगण माखन पटेल, पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेल्दार, भाजपा नेता शरद मराठा, महेंद्र सिक्का, गौरव राठी ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि ओम प्रकाश पटेल दृढनिश्चय संकल्प के साथ 1 फरवरी से ज्योर्तिलिंग दर्शन यात्रा में निकले थे। सायकल में ही सभी व्यवस्था राशन, गद्दा, तकिया, बिजली के लिए सोलर पैनल सभी स्वयं की व्यवस्था से गये। लगभग 13000 किमी की यात्रा पूरी कर आत्मविश्वास से भरे हुए थे। अयोध्या काशी प्रयागराज जैसे दर्जनों धर्म स्थली के साथ दो ज्योर्तिलिंग का दर्शन किया रास्ते में कही कोई परेशानी नहीं हुई। धार्मिक सायकल मात्रा से वापस आने पर नपा उपाध्यक्ष राठी ने ओमप्रकाश पटेल को बधाई देते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक कदम साहस भरा हुआ है।




### ट्विंकल का शाला और समिति ने किया सम्मान

झलप। बोर्ड परीक्षा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरतोरा की छात्रा ट्विंकल डडसेना ने 12 वीं मे 83% पाकर स्कूल में टॉप किया। ग्राम पचरी के निवासी लेखराम डडसेना की सुपुत्री टिवंकल डडसेना का स्कूल प्रबंधक और शिक्षा समिति द्वारा छात्रा को शील्ड देकर सम्मानित किया गया, जिसमे प्राचार्य द्वारिका प्रसाद चंद्राकर , शिक्षा समिति के अध्यक्ष धर्मेश शुक्ला, सरपंच जीतराम पटेल, पूर्व जनपद सदस्य मति पुतली बाई पटेल, पंच बाई योगी, जगदीश ओगर, ईश्वर पटेल उपस्थित थे। सम्मान पाकर छात्रा उत्साहित है, छात्रा भविष्य में डॉक्टर बनाना चाहती है

## नगर में 31 फीट की विशाल कांवर यात्रा शिवजी की मनोरम झांकी निकलेगी



**सरायपाली।** हर वर्ष की भांति सावन के अंतिम सोमवार 4 अगस्त को बोल बम कांवरिया संघ सरसींवा रोड सरायपाली द्वारा 31 फीट की विशाल कांवर यात्रा एवं शिवजी की मनोरम झांकी ढोल नगाड़ों की थाप के साथ-साथ घंट पार्टी घंटी धुनों की गूंज एवं सैकड़ों कांवरियों की उपस्थिति के साथ निकलेगी। बगाईजोर नाला से जल भरकर बालसी, पतेरापाली और सरायपाली नगर भ्रमण करते हुए अग्रवाल धर्मशाला रोड जोगी तालाब में स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सभी सदस्य नवल अग्रवाल, अमरनाथ झा, मुकेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, शौकीलाल साहू, सीटू अग्रवाल, महेंद्र डडसेना सुनील अग्रवाल, बाबूलाल अदित्य, शत्रुघन साहू, सनातन प्रधान महेश सोनी, दिनेश नादव, भुनेश यादव, दामोदर जायसवाल एवं समस्त भक्तगण जुटे हुए है। सरसींवा रोड, कांवरिया संघ के सभी भक्तगणों से अपील करते है कि सभी भक्त गण अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित हो।

## भाजपा सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रखर अग्रवाल का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया सम्मान

**सरायपाली (ग्रामीण)।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई द्वारा राजधानी रायपुर में आयोजित भव्य कार्यकर्ता सम्मान समारोह के दौरान महासमुंद ज़िले के सरायपाली से भाजपा कार्यकर्ता प्रखर अग्रवाल को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संगठनात्मक दृढ़ता और समर्पण का परिचय देते हुए प्रखर अग्रवाल ने अकेले सरायपाली क्षेत्र में 10,000 से अधिक, लगभग 12,000 नए सदस्य पार्टी में जोड़े, जो अपने आप में एक मिसाल है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस दौरान कहा कि प्रखर जैसे कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता और राष्ट्रनिर्माण के प्रति समर्पण ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भाजपा का सदस्यता अभियान केवल संख्या बढ़ाने वाली पहल नहीं है, बल्कि पार्टी की राष्ट्र प्रथम, अंत्योदय, और सबका साथ, सबका विकास की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम भी है। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता, जिलाध्यक्ष और क्षेत्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। सरायपाली क्षेत्र से प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, पूर्व कार्यकारी ज़िला अध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व ज़िला उपाध्यक्ष विपिन उपोवेजा, पूर्व जनपद अध्यक्ष धनेश नायक, तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और




समर्थक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। प्रखर अग्रवाल केवल संगठनात्मक कार्यों में ही नहीं, बल्कि सामाजिक क्षेत्र में भी अपनी सक्रिय भागीदारी के लिए पहचाने जाते हैं। संगम सेवा समिति के संस्थापक के रूप में उन्होंने सरायपाली में पेयजल संकट के समाधान, वृक्षारोपण अभियान, व्यापारियों के बीच रोजमर्रा की चिल्लर समस्या का समाधान, स्वच्छता जागरूकता अभियान, तथा युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने जैसे कई रचनात्मक कार्य किए हैं। भारतीय जनता पार्टी का यह सदस्यता अभियान राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा दिए गए लक्ष्य के अनुरूप पूरे प्रदेश में चलाया गया था, जिसमें सरायपाली जैसे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी संगठन को मजबूती देने हेतु जमीनी स्तर पर विशेष प्रयास किए गए। प्रखर अग्रवाल ने भाजपा की विचाराधारा, नेतृत्व की कार्यसंस्कृति, केंद्र और डॉ रमन सिंह की 15 वर्षों की जनहितैषी सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुँचाकर आमजन को पार्टी से जोड़ने का कार्य किया।



### तुसदा में जिला स्तरीय कुराश एवं गतका खेल स्पर्धा

महासमुंद। 2 अगस्त को हायर सेकेंडरी स्कूल तुसदा में जिला स्तरीय कुराश और गतका खेल प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें गतका खेल में 17 और 19 वर्ष के बालक बालिकाओं ने तथा महासमुंद ब्लॉक बागबाहरा ब्लॉक और पिथौरा ब्लाक में पार्टिसिपेशन किया। वही कुराश खेल में 14,17, 19 वर्षी बालक बालिकाओं ने अपने खेल का प्रदर्शन किया। उनकी आगामी प्रतियोगिता गतका 12 अगस्त को कसडोल बलौदा बाजार में तथा 23 अगस्त कुराश भाटापारा में आयोजित होगी। उनके उत्कृष्ट खेल के आधार पर इनका चयन अगली प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

# प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ बागबाहरा इकाई की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ विकासखंड बागबाहरा इकाई का एक अति आवश्यक बैठक प्री मैट्रिक छात्रावास बागबाहरा में आयोजित किया गया इस बैठक में प्रांतीय सचिव नवीन चंद्राकर, संभागीय अध्यक्ष खेदूराम चंद्राकर, महासमुंद जिला अध्यक्ष अनिल ढीढी, जिला संरक्षक चंद्रशेखर चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य एवं ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमचंद डडसेना के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। प्रांतीय सचिव नवीन चंद्राकर द्वारा संगठन के प्रांतीय गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई कि संगठन किस तरह राज्य स्तर पर मंत्री सचिव एवं राज्य के विभिन्न अधिकारियों से किस प्रकार अपनी समस्याओं को उनके पास रख रहे हैं तथा एक सकारात्मक पहल किस प्रकार हो रहा है। संभागीय अध्यक्ष खेदूराम चंद्राकर के द्वारा पुरानी सेवा गणना पुरानी पेंशन उपादान हासिल करने के लिए हमें क्या करना होगा इस विषय पर अपनी विचार रखें। जिला अध्यक्ष अनिल ढीढी के द्वारा संगठन के विस्तार सेवानिवृत हो चुके साथियों को शासन से मिलने वाले सभी लाभ को कैसे प्राप्त किया जा सकता है इस



पर चर्चा हुई । संगठन के ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष प्रेमचंद डडसेना द्वारा 98-99 में नियुक्त शिक्षक साथी जो रिटायर हो चुके है उनके पेंशन ग्रेजयुटी के लाभ मिलने में आ रही कठिनाइयों को संघ के समक्ष रखा गया एवं आगे की रणनीति पर चर्चा की गई बैठक में प्रमुख रूप से- रामजी टंडन,मीना लाल साहू, तोश राम साहू, बद्रिका ध्रुव , पद्मावती क्षेत्रपाल, विजय सिंह ठाकुर,शिवनारायण तिवारी, भेखलाल सेन, पीतांबर नायक, उदेराम निराला, सुखराम मिर्धा जीनाथ बरिहा, पंचराम पांडे, लीलार चंद्र पटेल, हेमीन ठाकुर , हेमलता मालीकार, ऋतु साहू, बलराम चंद्राकर सहित संगठन के कर्मठ सदस्य गण उपस्थित रहे।



### बोलबम कांवरियों के लिए सेवा का कार्यक्रम हुआ

महासमुद। वाहन चालक मालक सामाजिक संघ के द्वारा कचहरी चौक में सावन सोमवार के पावन अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया।

**खबर संक्षेप**

## खाद की कमी को लेकर सोसायटियों का विधायक ने किया निरीक्षण

**सरायपाली।** सोसायटियों में खाद की कमी को लेकर किसानों को हो रही परेशानी को देखते हुए विधायक चातुरी नंद ने क्षेत्र के विभिन्न सोसायटियों का निरीक्षण किया और खाद की स्थिति से अवगत हुए। सभी जगह खाद की कमी देखकर उन्होंने तत्काल



संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और आगामी 4 दिनों के भीतर सोसायटियों में खाद की उपलब्धता न होने पर किसानों के साथ स्वयं भी धरना प्रदर्शन करने की बात कही। इस संबंध में विधायक नंद ने बताया कि सोसायटियों में खाद की निरंतर कमी बनी हुई है, जबकि खुले बाजार में यह आसानी से उपलब्ध हो रहा है। किसानों को जो खाद सोसायटी में 1100-1200 रुपए में मिलना चाहिए, वह दुकानों से लगभग 1000 रुपए अधिक देकर खरीदना पड़ रहा है। यदि खाद की कमी है, तो वह दुकानों में कैसे आसानी से मिल रही है। यह सोचनीय है। उन्होंने इसे जानबूझकर कालाबाजारी को प्रश्रय देने की बात कही। विधायक नंद ने बताया कि इस संबंध में उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों से चर्चा की गई है और 4 दिनों के भीतर सोसायटियों में खाद उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। इसके बाद भी समय मे किसानों को खाद नहीं मिलता है, तो वे स्वयं किसानों के साथ प्रदर्शन पर बैठेंगी।

## रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी आज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ को रेल सेवाओं के क्षेत्र में एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर सूचित किया है कि रायपुर-जबलपुर नई एक्सप्रेस ट्रेन को 3 अगस्त 2025 को हरी झंडी दिखाई जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी कि भारत सरकार छत्तीसगढ़ में रेलवे सेवाओं और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वर्तमान में राज्य में 44,657 करोड़ की लागत से विभिन्न रेलवे परियोजनाएं प्रगति पर हैं। वर्ष 2025 के बजट में छत्तीसगढ़ को रिकॉर्ड 6,925 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। छत्तीसगढ़ के 32 रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है, जिनमें से 5 स्टेशनों का हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में दो वंदे भारत ट्रेनों का संचालन भी पहले से जारी है, जो 'मेक इन इंडिया' पहल का उदाहरण हैं। रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन न केवल छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच आवागमन को आसान बनाएगी, बल्कि इससे व्यापार, पर्यटन और सामाजिक संपर्क को भी नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में रेल नेटवर्क का विस्तार तेजी से हो रहा है।

# सीसी रोड भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक योगेश्वर राजू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम मचेवा में सीसी रोड का भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा थें। विधायक सिन्हा एवं अन्य अतिथियों ने विधि विधान से पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। अब उक्त स्थान में सीसी रोड बनेगा और ग्रामवासियों को इसका लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने का कार्य कर रही है। लोगों को साफ पानी मिले, सभी क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था हो और हर ग्राम तक पक्की सड़क हो इसका पूरा प्रयास किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से गांवों में आवश्यकतानुसार रोड निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी जा रही है। इससे ग्रामीणों को होने वाली समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। खासकर बरसात के दिनों में कच्ची रास्तों में आवागमन करने से काफी दिक्कतें होती है।



इसलिए गांव की कच्ची सड़कों को पक्की सड़क बनाने का कार्य किया जा रहा है। आगे कहा कि हमारी सरकार किसान, मजदूर, महिलाओं, युवाओं सभी वर्ग की है। किसानों के उपज को उचित मूल्य पर खरीदी की जा रही है।

प्रदेश में किसान खुशहाल हो रहा है। महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना संचालित की जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक मजबूती मिल रही है। युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रदेश नक्सल मुक्त होने की राह में है। आए दिन नक्सली सरेंडर कर मुख्य धारा में वापस लौट रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, मंडल महामंत्री साजन यादव, माखन सिन्हा, अग्रज शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप घोष, पवन पटेल, महेंद्र साहू, ग्राम सरपंच प्रमिला ध्रुव, उपसरपंच जितेंद्र साहू, संजय ध्रुव, अभिषेक पांडे, शरद राव, दीपांशी देवांगन, शिव साहू, कृष्णा बाई साहू, राजेश साहू, विष्णु प्रसाद, नीलम निर्मलकर, चित्ररेखा विश्वकर्मा, दिलीप साहू, देवानंद ध्रुव, कन्हैया लेवई, विमला कोसरे, द्रोपती कोसरे सहित अन्य उपस्थित थें।

### आयोजन: रामचरिस मानस का श्रवण करने आसपास के गांव के लोग जुटे

# सोनदादर में दो दिवसीय श्रीरामचरितमानस गान समारोह, खल्लारी विधायक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सोनदादर में दो दिवसीय श्रीरामचरित मानस गान समारोह भव्यता के साथ हुआ। यह आयोजन छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

मानस गान समारोह का शुभारंभ भगवान श्रीराम दरबार तथा ग्राम देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना से हुआ। इसके उपरांत विभिन्न मानस मंडलियों द्वारा रामचरितमानस का सस्वर गायन प्रस्तुत किया गया। गायन की शुरुआत दुर्गा मानस परिवार सोनदादर की प्रस्तुति से हुई, जिसके बाद क्रमशः मोर मयारू मानस परिवार, गांजर, पूर्णिमा मानस परिवार, बसूलाडबरी, सोनम मानस परिवार, शिकारीपाली, राघवेंद्र मानस परिवार मुडागांव, सिद्धिविनायक बालिका मानस परिवार, सांवरापारा, मारुति कृपा मानस परिवार फरफौद, हरकेश मंगलम मानस परिवार बागबाहरा, मोतिम



मानस परिवार टुरीझर, प्रभु आराधना मानस परिवार छिंदौली, श्रद्धा सुमन मानस परिवार करमापटपर सहित अन्य मानस मंडलियों ने भी अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं।

समारोह में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव ने रामचरितमानस में वर्णित पारिवारिक जीवन मूल्यों और आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के जीवन से हमें यह शिक्षा मिलती है कि परिवार का संचालन केवल संबंधों से नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों और आदर्शों से होता है। रामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि एक समाजशास्त्रीय मार्गदर्शिका है, जिसमें पिता-पुत्र का संबंध (राम-दशरथ), भाई-भाई का आदर्श (राम-भरत), पति-पत्नी का सम्मान (राम-सीता), और राजा-प्रजा की भावना (राम-जनता) को मर्यादा और कर्तव्य से जोड़ा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में परिवार में टूटन और विघटन का सबसे बड़ा कारण जीवन मूल्यों से विमुख होना है। रामायण हमें सिखाती है कि परिवार में सभी सदस्य अपने कर्तव्यों को यदि मर्यादा के अनुसार निभाएं, तो जीवन में न केवल सुख-शांति आती है, बल्कि समाज भी मजबूत बनता है। विधायक ने विशेष रूप से युवाओं से आग्रह किया कि वे रामचरितमानस को केवल धार्मिक अनुष्ठान के रूप में नहीं, बल्कि एक जीवन गाइड के रूप में पढ़ें और समझें। यह ग्रंथ आज के बदलते सामाजिक परिवेश में आध्यात्मिक संतुलन और पारिवारिक समरसता बनाए रखने का मार्ग प्रशस्त करता है।

**कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता :** इस दो दिवसीय आयोजन में ग्राम सोनदादर सहित आसपास के गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। सभी ने भक्ति संगीत का आनंद लिया और राम कथा के माध्यम से आत्मचिंतन का अवसर प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हेमसिंह नायक प्रीतम यादव, सरपंच एस कुमारी यादव, विनोद दीवान, भोज राम यादव, यश राम साहू, रमेश दीवान, गंगाधर साहू, हीराराम दीवान, भागवत दीवान, हेमंत साहू, संतोष ध्रुव, चंदू राम दीवान, चंद्रहास यादव, चंद लाल दीवान, रमन यादव, घनाराम ध्रुव, भागवत दीवान, रवि लाल दीवान, बारत दीवान, पूरन लाल पटेल, किशन लाल दीवान, टंक राम कुर्रे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधिजन मौजूद रहे।

## प्रतिभा पब्लिक स्कूल में छात्रसंघ के गठन के साथ दिलाई गई शपथ



**सरायपाली।** स्थानीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में नवीन छात्रसंघ का गठन किया गया। जिसमें छात्र प्रतिनिधि एवं हाउस प्रमुखों में विवेक बंजारे 12वीं (विज्ञान) एवं शिखा रानी प्रधान 12वीं (वाणिज्य) दोनों शाला नायक के रूप में चुने गये। जबकि मितेश साहू 11वीं (विज्ञान) एवं वंशिका उबोवेजा 11वीं (वाणिज्य) को उपशाला नायक का प्रभार प्रदान किया गया है। गीतांजली पटेल 12वीं (विज्ञान) एवं रूपेश साहू 11वीं (वाणिज्य) दोनों खेल प्रभारी चुने गए। प्रियंका शर्मा 12वीं (वाणिज्य) खुशबू अग्रवाल 11वीं (विज्ञान), मान्या नागदेव 11वीं (वाणिज्य), सामूहिक रूप से सांस्कृतिक प्रभारी चुने गये, आर्यन सलूजा 12वीं, हर्षी सलूजा 11वीं दोनों (वाणिज्य) संकाय से साहित्य प्रभारी चुने गये, तेजस्विता पटेल 12वीं जान्हवी साव 11वीं दोनों (विज्ञान) संकाय के साथ लक्ष्मी पटेल 11वीं (वाणिज्य संकाय) सामूहिक रूप से प्रार्थना सभा प्रभारी चुने गये, पल्लवी गोरियार 12वीं (वाणिज्य) विराज बंजारे और भाविका साहू 11वीं (विज्ञान) सामूहिक रूप से अनुशासन प्रभारी चुने गए है। गितेश पटेल 12वीं (विज्ञान) के साथ वेदिका साहू 11वीं (वाणिज्य संकाय) दोनों ग्रीन हाउस प्रमुख चुने गए। जबकि ग्रीन हाउस मास्टर्स के रूप में शिक्षक गणेश सामल एवं आशा नायक चुने गये, खुशबू पटेल 12वीं चिराग नायक 11वीं दोनों (विज्ञान संकाय) से फरान हाउस प्रमुख तथा शिक्षक नवीन कर एवं रेणुका त्रिपाठी हाउस मास्टर्स चुने गए। ब्लू हाउस के प्रमुख के रूप में सुखवीर सिंह बग्गा 12वीं, गार्गी अग्रवाल 11वीं दोनों वाणिज्य संकाय से चुने गए। जबकि, शिक्षक सुशील महापात्र एवं मनीषा बग्गा हाउस मास्टर्स चुने गये, यशमिता चौधरी 11वीं, विज्ञान एवं प्रिंस डडसेना 11वीं वाणिज्य व्हाइट हाउस प्रमुख चुने गये, शिक्षक जुगल भोई एवं दीपिका महंती दोनों हाउस मास्टर्स चुने गए। सभी चुने गये पदाधिकारियों को प्राचार्य नरहरि पटनायक द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई तथा उनके सम्मान में बैच प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बीके जेना ने किया। इस मौके पर खेल सचिव संजय कर, समनयक शिक्षक सनमय स्वाई, खेल शिक्षिका अदिति कुमारी मौजूद रहे।

## विद्यालयीन वार्षिक पत्रिका बढ़ते कदम का हुआ विमोचन




**महासमुंद/ सरायपाली (ग्रामीण)।** स्थानीय नवकिरण अकादमी में स्थाई शिक्षा समिति जिला पंचायत के सभापति भीखम सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान जिला पंचायत सभापति देवकी दीवान, सीमा लोकेश नायक, संयुक्त संचालक रायपुर संभाग संजीव श्रीवास्तव, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग जिला संघ अध्यक्ष ऐतराम साहू, उपाध्यक्ष एवं सेवा निवृत डीईओ एस चित्रसेन, जिला शिक्षाधिकारी विजय कुमार लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा, डीपीओ कमल नारायण चंद्राकर, सहायक संचालक सतीश नायर, नंद किशोर सिन्हा जिले के सभी विखं शिक्षाधिकारी एवं समस्त प्राचार्य उपस्थित रहे।

इस दौरान शासकीय हाईस्कूल रोहिना विखं बसना द्वारा प्रकाशित विद्यालय पत्रिका 2024-25 बढ़ते कदम का विमोचन हुआ। शासकीय हाईस्कूल रोहिना प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल ने बताया कि इस पत्रिका में विद्यालय स्तर पर जो भी गतिविधियां संचालित होती है उसके वार्षिक प्रतिवेदन, छायाचित्र एवं समाचार कतरनों को संकलित कर बढ़ते कदम नाम से एक वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन किया गया है। इस पत्रिका का प्रकाशन एवं संकलन विद्यालय के हिंदी व्याख्याता कमलेश साहू ने की है। डीईओ लहरे ने शासकीय स्कूल रोहिना द्वारा प्रकाशित पत्रिका को सराहनीय प्रयास बताया। कमलेश साहू ने बताया कि महासमुंद जिला शिक्षाधिकारी की पहल पर सरकारी स्कूलों में बेहत्तर परीक्षा परिणाम लाने के उद्देश्य से बढ़ते कदम नाम से एक अभियान चलाया गया। इस अवसर पर बसना विखं शिक्षाधिकारी विनोद कुमार शुक्ला, बीआरसी बद्रीविशाल जोल्हे, नयापारा महासमुंद सेजेस प्राचार्य अमी रूफस, राहुल चंद्राकर, आनंद साहू, सहित बड़ी संख्या में संस्था प्रमुख उपस्थित रहे।

# घोयनाबाहरा में 10 लाख की लागत से बनेगा आदिवासी समाज का सामुदायिक भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम घोयनाबाहरा में 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाले आदिवासी समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत आदिवासी समाज के देवी-देवताओं एवं ग्राम देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात समाज के वरिष्ठजनों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों के साथ विधायक द्वारिकाधीश यादव ने भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन के पश्चात उद्बोधन का दौर प्रारंभ हुआ। जिसमें



उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा और जीवन दर्शन इस धरती की असल पहचान हैं। इस समाज ने सदियों से जंगल, जमीन और जल के साथ संतुलन बनाकर जीवन जीने की जो शैली अपनाई है, वह आज के दौर में भी एक आदर्श है। इनके पास जो सांस्कृतिक धरोहर, लोक गीत, लोकनृत्य और जीवन मूल्य हैं, वे केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन के गहरे ज्ञान से परिपूर्ण हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे गर्व है कि मैं ऐसे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं, जहाँ आदिवासी समाज अपनी अस्मिता, संस्कृति और स्वाभिमान के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। यह सामुदायिक भवन न केवल समाज की आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गतिविधियों का एक मजबूत केंद्र बनेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित समाज के पदाधिकारी, नागरिक, ग्रामवासी एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बसंता ठाकुर, देव सिंह, सीमा डिगेश्वर साहू, एडिसन ठाकुर, ओंकार सिंह, अरुण सिंह, मोहर सिंह, सुरेंद्र मांझी, वाजिद खान, रामवती ठाकुर,दीपिका ठाकुर, तूफान दीवान, पूर्णिमा ठाकुर, नारायण ठाकुर, दौलत ठाकुर, चैतराम राजू, कलेश्वर ठाकुर, भगवानी ठाकुर, मनोज ठाकुर सहित आदिवासी समाज के पदाधिकारीगण व सदस्यगण उपस्थित रहे।

# शासकीय उच्च प्राथमिक शाला खट्टा में अभूतपूर्व पीटीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उच्च प्राथमिक शाला खट्टा में आयोजित पालक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) ने एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसमें शत-प्रतिशत पालकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ग्रामीण क्षेत्र में व्यस्तता के बावजूद, पालकों ने बच्चों की शैक्षिक प्रगति पर चर्चा के लिए समय निकाला। इस पहल की सर्वत्र सराही जा रही है।

संस्था के प्रधान पाठक ओम नारायण शर्मा ने बताया कि पालकों को आमंत्रण पत्र भेजा गया था, जिसमें प्रत्येक पालक को अलग-अलग समय स्लॉट आवंटित किए गए थे। इस व्यवस्था के कारण पालक अपने बच्चों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित हुए,



जिससे भीड़ नहीं हुई और बेहतर माहौल में खुली चर्चा संभव हो सकी। शिक्षक फिरेंद्र पटेल, घनश्याम कुमार, और लीलाधर कर्ष के सहयोग से बच्चों का मासिक आकलन कर परीक्षाफल तैयार किया गया था तथा शिक्षकों ने बच्चों से संबंधित सभी जानकारियां पूर्व से निर्धारित फार्मेट में एकत्रित कर ली थीं। प्रत्येक पालक के लिए 15 मिनट की कार्ययोजना बनाई गई, जिसमें बच्चे की उपस्थिति में शैक्षिक, सामाजिक, व्यावहारिक, पाठ्येत्तर, स्वास्थ्यगत, और विशेष आवश्यकताओं पर चर्चा हुई। आधार, पेन, जाति, अपार और बैंक खाता जैसे अभिलेखों का सत्यापन भी किया गया।

दो अलग-अलग टेबल्स के माध्यम से प्रत्येक पालक से 15 मिनट की गहन चर्चा कर बच्चों की प्रगति के लिए कार्ययोजना बनाई गई। कुछ बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए चिकित्सा योजनाएं भी तैयार की गईं। पालकों ने इस बैठक पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, इस चर्चा से हमें अब यह विश्वास हो रहा है कि शासकीय स्कूलों के शिक्षक हमारे बच्चों की चिंता कर रहे हैं। अब हम उनके साथ मिलकर अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य की योजना बना सकते हैं। यह चर्चा अभूतपूर्व है।

ग्रामीण क्षेत्रों में पालकों की कम उपस्थिति को देखते हुए, कक्षा छठवीं के लिए इसे प्रायोगिक तौर पर आयोजित किया गया, जिसमें शत-प्रतिशत सफलता मिली । अब कक्षा सातवीं और आठवीं के लिए भी पीटीएम आयोजित होगी, और प्रत्येक तीन माह में इसे नियमित रूप से किया जाएगा तथा यह प्रयास किया जाएगा कि अगली तिमाही में बच्चों के माता और पिता दोनों उपस्थित रहें।

शासकीय स्कूल में शिक्षकों द्वारा पालकों के साथ व्यक्तिगत चर्चा और स्वास्थ्यगत योजनाओं की इस अनोखी गतिविधि की पालकों ने जमकर सराहना की है । यह पहल बच्चों की शैक्षिक और स्वास्थ्यगत गुणवत्ता बढ़ाने तथा स्कूल-समुदाय के बीच सहयोग को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा। इस बैठक में संकुल प्राचार्य लिकेश साहू भी उपस्थित हुए।

# विकासखंड स्तरीय टेबल टेनिस, टेनिस स्क्वैश, तलवारबाजी, रग्बी प्रतियोगिता



**महासमुंद।** महासमुंद विकासखंड स्तरीय टेबल टेनिस, टेनिस, सॉफ्ट टेनिस, स्क्वैश, तलवारबाजी, रग्बी प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड के विभिन्न स्थानों में किया गया। फॉरेस्ट ग्राउंड में लॉन टेनिस, सॉफ्ट टेनिस एवं स्क्वैश खेल प्रतियोगिता का आयोजन एवं शासकीय उमावि भोरिंग द्वारा टेबल टेनिस, तलवारबाजी खेल भोरिंग में एवं तुमगांव खेल मैदान में रग्बी खेल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें भोरिंग, बेमचा, बेलसोंडा, डीएमएस, पब्लिक स्कूल तुमगांव, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम तुमगांव, स्वामी आत्मानंद हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम महासमुंद के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। खेल को आगे बढ़ाने में जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा खेल संसाधन उपलब्ध कराया गया है। जिसके माध्यम से खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा हैं। विकासखंड के विजेता खिलाड़ियों को जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेन, प्राचार्य बेमचा एसआर पाटकर ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन पर शुभेच्छा जताई। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता को संपन्न कराने में व्यायाम शिक्षक डॉ. सुनील कुमार भोई, अंजनी साहू, डॉ. सेवन मानिकपुरी, कामता साहू, इंद्राणी भास्कर, कामता साहू, डोलेश होता का विशेष योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**

## गंधेश्वरनाथ की आज निकलेगी सवारी

**महासमुंद।** श्रीगंधेश्वर नाथ ट्रस्ट कमेटी द्वारा रविवार 3 अगस्त को बाबा गंधेश्वर नाथ की पालकी सवारी यात्रा निकली जाएगी। जो सिरपुर भ्रमण कर भक्तों का हाल-चाल जानेंगे। राजा राजाधिराज श्रीगंधजश्वरनाथ दोपहर 1 बजे के बाद पालकी में निकलेंगे। सिरपुर भ्रमण के दौरान मंदिर का पट बंद रहेगा। ट्रस्ट कमेटी के दाऊलाल चंद्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत सिरपुर व ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह स्वागत की तैयारी की गई है। उन्होंने श्रद्धालुओं से पालकी सवारी यात्रा में शामिल होने के अपील की है।



## साराडीह में स्कूली बच्चों को कंपास वितरण

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला साराडीह में शाला के विद्यार्थियों को प्रधान पाठक मंजू चंद्राकर ने बच्चों को उपहार स्वरूप कंपास वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला के शिक्षक भारती चंद्राकर, देवकी सिंह दीवान, महेश्वरी मारकंडे, सुनीता पटेल आदि मौजूद रहे।

## जेल में आध्यात्मिक जागरण एवं नैतिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**महासमुंद।** गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद की महिला मंडल टोली द्वारा जिला जेल बेमचा में दो दिवसीय आध्यात्मिक एवं नैतिक जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कैदियों को गायत्री मंत्र जप का महत्व, जीवन जीने की कला, तथा नशा से होने वाली हानि जैसे विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्णिमा साहू, नीतू साहू, प्रेमलता साहू, शारदा प्रजापति, भूखन पुरोहित एवं उनकी सहयोगी टोली द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त, कैदियों को यज्ञ संचालन एवं कर्मकांड का प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे उनमें आत्मबल और सकारात्मकता का संचार हो सके। टोली ने सभी प्रतिभागियों को एक जिम्मेदार नागरिक बनने तथा भविष्य में किसी भी प्रकार का अपराध न करने का संकल्प भी दिलाया। इस प्रेरणादायी पहल में जेल अधीक्षक का सहयोग रहा।

# खेत में धान की रोपाई कर बच्चों ने बढ़ाया श्रम और किसानों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लाभ मानसिकता से मुक्त किसान बनेंगे कोकड़ी सरकारी स्कूल के बच्चे। किसान ज्यादा कीटनाशक व रासायनिक खाद डालकर धरती को बीमार कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें सिर्फ लाभ ही लाभ दिखता है। जबकि, लाभ मानसिकता से मुक्त किसान धरती को स्वस्थ बनाते हुए अपनी जरूरतों को पूरा करते हैं। धरती अस्वस्थ होगी, बीमार होगी तो मानव भी होंगे ही। कोकड़ी सरकारी स्कूल के शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने बताया कि प्रकृति के साथ परस्पर पूरकतापूर्वक जीने वाला किसान बनाने के लिए, खेती संबंधी सारे क्रिया कलापों ही को बच्चे सूक्ष्म अवलोकन करते हैं।

शाला प्रबंधन विकास समिति कोकड़ी, अभिभावकों व बच्चों व शिक्षकों के साथ मिलकर रोपा लगाने के तौर-तरीकों और लाभ हानि को समझने गांव के किसान नंदकुमार पटेल के खेत में बच्चों ने सर्वे किया। सर्वे के दौरान बच्चों ने धान का नाम, धान का वेरायटी, पकने में लगने वाला समय, आवश्यक पानी की मात्रा, कुल उत्पादन, खरपतवारों की पहचान संबंधी अनेक मुद्दों पर गांव के किसानों से संवाद हुई। बच्चों ने स्वयं से रोपा लगाकर देखा, रोपा लगाना सीखा, इससे हुए बच्चों को शैक्षिक,



नैतिक और बौद्धिक लाभ के बारे में कोकडिया व शाला प्रबंधन विकास समिति ने बताया कि इससे बच्चों के भीतर खेती, खेत, अनाज, मजदूर और किसान के प्रति सम्मान और गौरव का भाव बच्चों में बढ़ा है। श्रम के प्रति सम्मान बढ़ा है। टीम वर्क का भाव भी बढ़ा है। परस्पर सहयोग, पूरकता का भाव भी बढ़ा है। आजकल के पढ़े-लिखे बच्चे खेती करना पसंद नहीं करते। किसानों को हेय दृष्टि से देखते हैं। जबकि, खेती करना एक पवित्र और स्वतंत्र काम है। किसानों के उगाए अनाज खाकर ही आईएएस, आईपीएस, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति से लेकर सभी मानव स्वस्थ हैं। हवा, मिट्टी, पानी, पेड़ पौधों व पशु पक्षियों सभी को स्वस्थ व समृद्ध करने में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है, किसानों के उगाए अनाज खाकर ही चींटी से हाथी तक सभी स्वस्थ रहते हैं, पेट भरते हैं। 25 डिस्मिल जमीन पर बच्चों ने रोपा लगाकर प्रायोगिक तौर पर देखा, समझा और जाना। इस दौरान पालकों ने भी बच्चों का रोपा लगाने में मदद किए। नैना, रद्द पूजा, खिलेश, सरोज, गीतेश, नितेश, ओमकुमारी, ईशांत आदि सभी बच्चों ने अपने रोमांच, उत्सुकता और खेती के प्रति आत्म विश्वास व श्रम के प्रति सम्मान को शेयर किया है। कोकड़ी सरकारी स्कूल के अधिकांश बच्चे प्रकृति के साथ जीने वाला किसान बनकर देश व धरती की सेवा करना चाहते हैं। माता-पिता और परिवारजनों के प्रति प्यार, सम्मान व सहयोग का भाव बढ़ा है। माता-पिता और परिवार के प्रति गर्व है,वो किसान के बच्चे हैं।

### आयोजन: पं रविशंकर शुक्ल और विद्याचरण शुक्ल की जयंती मनाने जुटे कांग्रेस

# कांग्रेसियों ने जयंती पर पिता-पुत्र को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अविभाजित मध्य प्रदेश के दो महान नेता की जन्म जयंती 2 अगस्त को मनाई गई। इत्तेफाक की बात है कि दोनों पिता-पुत्र हैं, जिनकी पहचान से महासमुंद की पहचान है। दिल्ली तक पंडित विद्याचरण शुक्ला का संसदीय क्षेत्र होने के कारण महासमुंद का नाम अनजान नहीं रहा। अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए पंडित रविशंकर शुक्ला ने प्रदेश के विकास के लिए अनेकों उपलब्धियां हासिल की।

जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि पंडित रविशंकर शुक्ल मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री थे। वे एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल प्रशासक और विद्वान राजनेता थे। पंडित रविशंकर शुक्ल भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से गहराई से जुड़े रहे। वे नागपुर अधिवेशन और गांधी के असहयोग आंदोलन में सक्रिय रूप से भागीदार रहे। उन्होंने सविनय अवज्ञा आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन में हिस्सा लिया और कई बार जेल भी गए। वे कांग्रेस के प्रमुख नेता थे और गांधीवादी विचारधारा से प्रेरित थे। आजादी के पहले सेंट्रल



प्रोविंसेज एंड बरार (मध्य प्रांत और बरार) में मंत्री पद पर कार्य किया।

पूर्व प्रभारी महामंत्री संजय शर्मा ने बताया कि पंडित विद्याचरण शुक्ल भारत के एक प्रमुख राजनेता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पत्रकार, लेखक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे हैं। वे मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक प्रभावशाली व्यक्तित्व थे। उनका जीवन राजनीतिक समर्पण, सेवा और दूरदर्शिता का प्रतीक रहा है। 1957 में पहली बार सांसद चुने गए। 1960 और 1970 के दशक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक प्रमुख युवा नेता बने। 1971 से 1977 तक वे केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री रहे। उन्होंने कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों का दायित्व निभाया, जिनमें सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, विदेश, जल संसाधन, पर्यावरण और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय उनकी छवि एक प्रभावशाली वक्ता, कुशल प्रशासक और नीति निर्माता के रूप में थी। आपातकाल के दौरान सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में उन्हें मीडिया सेंसरशिप और प्रेस की स्वतंत्रता पर नियंत्रण के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। फिर भी वे कांग्रेस नेतृत्व के प्रति समर्पित रहे। 25 मई 2013 को बस्तर के झीरम घाटी में नक्सली हमले में कई कांग्रेस नेता शहीद हुए। इसमें पंडित विद्याचरण शुक्ल गंभीर रूप से घायल हो गए। 17 दिन तक इलाज के बाद 11 जून 2013 को उनका निधन हो गया। शुक्ल छत्तीसगढ़ और भारत की राजनीति में दीर्घकालीन योगदान देने वाले नेता थे। वे साहित्य, संस्कृति और मीडिया नीति निर्माण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका में रहे। उनका निधन एक युगांतकारी घटना मानी गई। कार्यक्रम में डॉ रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, खिलावन बघेल पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन एवं अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी महासमुंद, पूर्व प्रभारी महामंत्री संजय शर्मा, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, सोमेश दवे संयुक्त महामंत्री, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, हुलास गिरी गोस्वामी पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष, प्रदीप चंद्राकर प्रदेश महामंत्री, गौरव चंद्राकर महामंत्री, पूर्व एल्डरमैन सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, वीरेंद्र चंद्राकर, अजय थवाईत, नितेंद्र बैनर्जी सेवादल, तुलसी साहू, मनोहर ठाकुर, लीलू साहू, मोती साहू, लोकू साहू, भानू सोनी उपस्थित रहे।

# वल्लभाचार्य महाविद्यालय में मनाई गई रविशंकर शुक्ल की जयंती

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 2 अगस्त 2025 को मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ला के 148 वीं जन्म जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य व राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मालती तिवारी, केशर चंद्र बनपाल सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, विजय कुमार मिर्चे की उपस्थिति रही। सर्वप्रथम पंडित रविशंकर शुक्ल के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर डॉ मालती तिवारी ने कहा कि पंडित रविशंकर शुक्ल का जन्म ब्रिटिशकालीन भारत में 2 अगस्त 1877 में सीपी और बरार के सागर शहर में हुआ था। इनके पिता पंडित जगन्नाथ शुक्ल और माता तुलसी देवी थीं। शिक्षा पूर्ण करने के बाद रविशंकर शुक्ल सरायपाली आ गए और सूखा राहत कार्य का निरीक्षण कार्य करने लगे। इनकी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए शुक्ल को पदोन्नत कर नायब तहसीलदार बना दिया गया। सन 1901 में इन्होंने सरकारी



नौकरी छोड़ कर हितकारिणी स्कूल में अध्यापन कार्य शुरु किया।

उन्होंने आगे कहा कि पंडित शुक्ल भारत के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में शामिल थे। गांधी के विचारों को छत्तीसगढ़ के जनमानस तक पहुंचाने का कार्य किया गया। पंडित रविशंकर शुक्ल ने 1906 से रायपुर में वकालत प्रारंभ की। वे स्वतंत्रता आन्दोलनों में भी भाग लेते रहे। सन 1926-37 तक रायपुर जिला बोर्ड के सदस्य रहे। 1936 में प्रांतीय धारा सभा के चुनाव में शुक्ल विजयी हुए और डॉ. खरे द्वारा त्यागपत्र देने के बाद 1938-39 में मुख्यमंत्री रहे। सन 1952 के प्रथम आम चुनावों के बाद पुनः मुख्यमंत्री बने। रविशंकर शुक्ल राज्य पुर्नगठन के पश्चात गठित नए मध्य प्रदेश के सर्वसम्मति से प्रथम मुख्यमंत्री बनाए गए। गौरतलब है कि पंडित रविशंकर शुक्ल नाम पर ही विश्व विद्यालय का नामकरण किया गया है। इस अवसर पर एमए राजनीति विज्ञान तृतीय सेमेस्टर के मनोहर सोनवानी, ममता डडसेना व आरती चक्रधारी, मनोज बोशले, स्नातक से बबली बेलदा समेत अन्य छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंच संचालन विजय कुमार मिर्चे ने किया।

# ननों की गिरफ्तारी में भाजपाई अपनी पार्टी का रुख भी जान लें

**महासमुंद।** कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने कांग्रेस पर धर्मांतरण में सहयोग करने के डा. चोपड़ा के आरोप पर कहा कि उनकी खुद की पार्टी



केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के धर्मांतरण के आरोपों को खारिज किया और स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी ननों को जेल से रिहा कराने और उन्हें सुरक्षित घर वापस लाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी और कहा कि वे किसी भी मानव तस्करी या जबरन धर्मांतरण के प्रयास में शामिल नहीं थीं।

चंद्रशेखर ने यह भी स्पष्ट किया कि बजरंग दल एक स्वतंत्र संगठन है और भाजपा एक राजनीतिक दल है। साथ ही भाजपा प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे अनूप एंटनी ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से उनके आवास पर मुलाकात की और पत्रकारों को बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह इस मामले में उचित तरीके से हस्तक्षेप करेगी। इसी प्रकार आज बिना सबूत बिना आरोप सिर्फ़ सत्ता में बैठे लोगों की धमकियों और दबाव पर पुलिस की नियम विरुद्ध कानून विरोध और संविधान विरुद्ध कार्रवाई साबित करती है कि भाजपा की सरकार में क़ानून का राज नहीं रहा। अंकित ने कहा कि सालेम स्कूल भारत माता, होली क्रॉस, सेंट जेवियर, पलोटी, सेंट थॉमस, एमजीएम सेक्रेड हार्ट जैसे स्कूलों से हजारों बच्चे पढ़ कर निकले, लेकिन, कभी कोई मतांतरण की बात नहीं सुनी। और तो और वर्तमान मुख्यमंत्री स्वयं मिशनरी स्कूल में पढ़े हैं, उन्हीं के अस्पतालों में इलाज भी करवाए होंगे, उनका मन तो नहीं बदला। ननों के ऊपर आरोपों के अलावा जिस प्रकार प्राचीन धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल को कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा निशाना बनाया जा रहा है, वह बेहद निंदनीय है। अंकित ने कहा अगर कोई भी धर्मांतरण या मतांतरण जबरन करा रहा है तो उसके लिए विधिवत शिकायत करना चाहिए और कानूनी कार्रवाई करवानी चाहिए न कि सत्ता में होने का दुरुपयोग करना चाहिए।

## तीर्थ यात्रा से लौटे ओमप्रकाश का बरोंडाबाजार में हुआ स्वागत



**महासमुंद।** साइकिल से 181 दिन तक 13 हजार किलोमीटर की तीर्थ यात्रा पूर्ण कर महासमुंद लौटे ग्राम नांदगांव निवासी युवक ओमप्रकाश पटेल का ग्राम पंचायत बरोंडा बाजार के सरपंच लेखराज साहू एवं उनके साथियों ने आत्मीय स्वागत किया।

# सशिमं में एक दिवसीय विज्ञान मेले का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रसायन शास्त्र के ज्ञाता एवं महान वैज्ञानिक आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती पर एक दिवसीय विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा द्वारा मां सरस्वती, ओम एवं भारत माता एवं आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय के छाया चित्र पर पुष्प अर्पण तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। विज्ञान मेले के अवसर पर विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

जिसमें विज्ञान प्रदर्श (मॉडल), विज्ञान प्रश्न मंच, विज्ञान पत्र वाचन, विज्ञान प्रयोग, विज्ञान चार्ट एवं चित्रकला, भाषण, रंगोली, वस्तु पहचानो प्रतियोगिता, निबंध की प्रतियोगिता हुई। प्रत्येक प्रतियोगिता चार वर्गो में आयोजित हुआ। शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग एवं तरुण वर्ग 1 जिसमें 76 छात्रों एवं 116 छात्राओं कुल 192 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले इन सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा एवं सभी दीदी/



आचार्यों द्वारा मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राएं आगामी आयोजित होने वाले विभागीय विज्ञान मेला में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का संचालन आचार्या साक्षी घोड़ेचोरे ने किया। इस आयोजन में विद्यालय के विज्ञान प्रभारी मल्लिका चंद्राकर, अर्चना साव, आचार्य शिवकुमार कन्नौजे, बलराम सेन, किरण साहू, अश्वनी साहू, तुलसीराम पटेल, कुंजलाल पटेल, हेमंत साहू, अजय कुमार तांडी, खोजेंद्र कुमार साहू, आचार्या मनोज साहू, दुर्गेश नंदिनी चंद्राकर, सरोजनी साव, तारिणी गोस्वामी, किरण सोनी, गुरवारी सोनी, टिकेश्वरी चंद्राकर, निशा गोस्वामी, तनूजा साहू, ललित कुमार सिन्हा, पवन निर्मलकर आदि का सहयोग रहा।

# मुंशी प्रेमचंद हिंदी साहित्य के अमिट हस्ताक्षर : डॉ. अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के एकमात्र अंग्रेजी माध्यम कॉलेज स्वामी आत्मानंद शासकीय आदर्श महाविद्यालय में हिंदी के महान उपन्यासकार और कहानीकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर साहित्यिक कार्यक्रम व प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदा की पूजन वंदन से की गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने मुंशी प्रेमचंद के साहित्यिक योगदान और सामाजिक सरोकारों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा, मुंशी प्रेमचंद हिंदी साहित्य के अमिट हस्ताक्षर हैं, जिन्होंने भारतीय समाज की सच्चाइयों को बिना लाग-लपेटे के प्रस्तुत कर साहित्य को आमजन की आवाज बना दिया। उन्होंने प्रेमचंद के यथार्थवादी लेखन, किसान और मजदूर वर्ग की पीड़ा को



उजागर करने की क्षमता और नारी विषयक दृष्टिकोण की विशेष सराहना की। इसके उपरांत महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर (हिंदी) व कार्यक्रम के प्रभारी ने मुंशी प्रेमचंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके प्रारंभिक जीवन, लेखन यात्रा और सामाजिक संघर्षों का परिचय दिया। उन्होंने प्रेमचंद की प्रमुख रचनाओं जैसे गोदान, कफन, ईदगाह, गबन आदि का संक्षिप्त वर्णन करते हुए उनकी आज की प्रासंगिकता पर भी चर्चा की। तत्पश्चात महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय के सहायक प्रा. तरुण कुमार बांधे ने प्रेमचंद के शब्दों को उद्धरित करते हुए कहा कि साहित्य का काम केवल मनोरंजन नहीं बल्कि समाज में चेतना लाना भी है और प्रेमचंद इस कार्य में पूरी तरह सफल रहे। अतिथि व्याख्याता आलोक हिरवानी कंप्यूटर साइंस ने कहा कि प्रेमचंद वह लेखक हैं, जिन्होंने साहित्य को महलों से निकलकर झोपड़ियां तक पहुंचाया। वे जन-जन की पीड़ा संघर्ष और भावनाओं के सच्चे चित्रकार थे।

### छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

इस अवसर पर छात्रों की साहित्यिक जानकारी को और प्रोत्साहित करने के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसका संचालन समाजशास्त्र के अतिथि व्याख्याता डॉ. ग्लैडिस एस. मैथ्यू ने किया। प्रश्नोत्तरी में मुंशी प्रेमचंद के जीवन, रचनाएं एवं उनके सामाजिक दृष्टिकोण से जुड़े सवालों को सम्मिलित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक और बड़ी संख्या में भाग लिया। इसमें प्रीति, पल्लव, तनुश्री, ताजवार, अक्षत, भूपेंद्र, हिमांशु, आर्ची, वसुंधरा, युक्ति, आयेशा, नीतू, गोविंद, छाया मुख्य रूप से रहें। यह प्रतियोगिता न केवल शिक्षाप्रद रही बल्कि विद्यार्थियों के भीतर साहित्य के प्रति जिज्ञासा और सम्मान भी बढ़ाने में सफल रही। प्रश्नोत्तरी कार्य में महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता हरिशंकर नाथ, चित्रेश बरेठ एवं माधुरी दीवान ने विशेष सहयोग किया। कार्यक्रम का समापन सहायक प्राध्यापक रवि देवांगन ने आभार प्रदर्शन किया। इस दौरान महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता मुकेश सिन्हा, संजय कुमार अंग्रेजी, खुशबू ग्रंथपाल, शेषनारायण साहू लैब टेक्नीशियन, जगतारण बघेल लैब टेक्नीशियन एवं नानक साहू कंप्यूटर ऑपरेटर आदि उपस्थित रहे।

